हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–111 : जौनपुर, बुधवार 28 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## 'ब्रांड यूपी' से दुनिया का परिचय कराएगा जी–20 सम्मेलन –मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में होने वाले जी–20 सम्मेलनों के सफल आयोजन के लिए उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की और अफसरों को दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत को विश्व के बड़े राष्ट्रों के समूह जी–20 की अध्यक्षता करने का गौरव प्राप्त हुआ है। यह वैश्विक समारोह उत्तर प्रदेश के लिए अपार संभावनाएं लेकर आया है। यह कार्यक्रम 'ब्रांड यूपी' को दुनिया से परिचय कराने का शानदार मंच है। हमें इस वैश्विक समारोह का अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए। भारत की अध्यक्षता वाले जी–20 के एक वर्ष की अवधि में उत्तर प्रदेश के वाराणसी, लखनऊ आगरा और ग्रेटर नोएडा में अलग–अलग कार्यक्रम होने प्रस्तावित हैं। इन जनपदों में 'अतिथि देवो भव' की भारतीय भावना के अनुरूप आयोजन को भव्य बनाने की तैयारी की जाए। यह आयोजन स्वच्छता, सुंदरता, सुरक्षा और सुव्यवस्था का मानक हो, इसके लिए एक टीम के रूप में सभी को प्रयास करना होगा। विदेशी आगन्तुकों की सुरक्षा के मानक अनुरूप प्रबंध किए जाएं। मेडिकल इमरजेंसी, ट्रैफिक आदि के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्था की जाए। अतिथियों के भोजन में उत्तर प्रदेश की विविधतापूर्ण खान–पान संस्कृति का समावेश होना चाहिए। जी–20 सम्मेलनों की मेजबानी वाले शहरों को भव्य स्वरूप दिया जाए। शहर में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक महत्व वाली विरासतों पर आकर्षक लाइटिंग की जानी चाहिए। अतिथियों के भ्रमण रूट पर दीवारों पर प्रदेश की संस्कृति को दर्शाने वाले चित्रों को प्रदर्शित किया जाए। भारत की योग परंपरा को आज पूरी दुनिया अपना रही है, ऐसे में सूर्य नमस्कार के विभिन्न मुद्राओं को प्रदर्शित करती हुई प्रतिमाएं लगाई जा सकती हैं। सभी चार शहरों में होने वाले आयोजन में स्थानीय संस्कृति को थीम बनाया जाए। जैसे, राजधानी लखनऊ में अवधी संस्कृति, आगरा में ब्रज संस्कृति, रंगोत्सव, वाराणसी में गंगा संस्कृति को थीम बनाकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। प्रदेश आगमन पर पुष्पवर्षा के साथ अतिथियों का स्वागत किया जाए। स्थानीय सांस्कृतिक समूहों, स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लें। जी–20 सम्मेलनों की मेजबानी एक ऐतिहासिक अवसर है। इसे अविस्मरणीय बनाने के लिए राजधानी लखनऊ में एक 'जी–20 पार्क' की स्थापना की जानी चाहिए। इस संबंध में स्थान का चिन्हांकन कर पार्क की रूपरेखा के संबंध में कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जी–20 सम्मेलनों में सुरक्षा व्यवस्था एक महत्वपूर्ण विषय है। गृह विभाग द्वारा सभी डेलीगेट्स की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाए। हर डेलीगेट्स के साथ एक लाइजनिंग अधिकारी की तैनाती की जाए। लाइजनिंग अधिकारी की विधिवत ट्रेनिंग कराई जाए। हर प्रकार के बाह्य और आतंरिक सुरक्षा की आशंकाओं के दृष्टिगत कड़े सुरक्षा इंतजाम किये जायें। साइबर अपराध के प्रयासों पर भी नजर रखी जाए। अग्निशमन के लिए मानक अनुरूप इंतजाम होने चाहिए। बेहतर सर्विलांस, इंटेलिजेंस इनपुट आदि के लिए भारत सरकार से यथा आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाना चाहिए। प्रदेश के हर आयोजन पर जी–20 के लोगों का प्रयोग करें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' की संज्ञा दी है। उत्तर प्रदेश के पास समृद्ध इतिहास की विरासत है। जी–20 के मंच पर प्रदेश की प्राचीन कला, संस्कृति, इतिहास, पुरातात्विक विशिष्टताओं का संकलन कर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रदेश की समृद्ध अर्थव्यवस्था, जीडीपी, औद्योगिक विकास आदि का भी प्रदर्शन किया जाना चाहिए। प्रदेश सरकार के हर आयोजन, प्रत्येक पत्राचार पर जी–20 के लोगो का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यापक जनसहभागिता से ही यह सम्मेलन अपने उद्देश्यों में सफल होगा। जी–20 आयोजन से अधिकाधिक युवाओं को जोड़ा जाना चाहिए। विश्वविद्यालयों में इस विषय पर विशेष चर्चा–परिचर्चा आयोजित की जानी चाहिए। आयोजन वाले सभी चार शहरों में प्रदेश के युवा चित्रकारों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाए। इसके अलावा, पुस्तक मेला, योग चौलेंज, क्राफ्ट मेला, स्कूल स्तर पर नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। स्थानीय प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक वाहनों पर जी–20 की ब्रांडिंग की जाए। ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित कार्यक्रमों के आयोजन में तीनों स्थानीय विकास प्रधिकारणों को भी जोड़ा जाए। जी–20 की मेजबानी सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, सुंदरीकरण के लिए भी अच्छा मौका है। जिस रूट पर डेलीगेट्स का आवागमन होना है, आवश्यकतानुसार वहां की सड़कों को व्यवस्थित कराया जाए। स्वच्छता पर हमें खास ध्यान देना होगा। जिन शहरों में सम्मेलन होने हैं, वहां कार्यक्रम की तिथि से एक सप्ताह पूर्व स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाए। इन शहरों को प्लास्टिक फ्री बनाने का प्रयास हो। जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें, जनसहभागिता को बढ़ाएं। जी–20 सम्मेलन के सफल आयोजन में इंटरनेट कनेक्टिविटी की बड़ी भूमिका होगी। कार्यक्रम स्थल पर ग्लोबल मानकों के अनुरूप हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाए।

## राज्यमंत्री गरीश चंद्र यादव कल पी0डब्ल्यू0डी0 के विभिन्न कार्यों का करेंगे शिलान्यास व लोकार्पण

जौनपुर सू.वि. : माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश गिरीश चंद्र यादव 29 दिसंबर 2022 को 10.00 से पी0डब्ल्यू0डी0 के विभिन्न कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण करेंगे, जिसमें पुन्दरपट्टी, न्यू कालोनी में रामनगर भड़सरा में सी०सी० रोड से निलेश सिंह के मकान तक इंटरलाकिंग एवं नाली का निर्माण कार्य, आरजी भूपतिपट्टी, वाजिदपुर दक्षिणी वार्ड नं0–7 में जनार्दन सिंह के मकान से संतोष श्रीवास्तव के मकान तक इण्टरलॉकिंग एवं नाली का कार्य। मोहल्ला – हरईपुर में पन्नालाल यादव के मकान से अनिल यादव के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। मोहल्ला – हरईपुर में सभाजीत पाण्डेय के मकान से रणविजय सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। मोहल्ला–मीरपुर में आश्रय गृह (विशेषरपुर) मीरपुर से राणा प्रताप के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। मोहल्ला – धरनीधरपुर में शानू इलेक्ट्रिक की दुकान से साहब लाल मौर्या के प्लाट होते हुए राधेश्याम मौर्या के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। चौकया देवचन्दपुर में बाक्स कलवर्ट (नाला) का शिलान्यास। भगौतीपुर में काशीराम इण्टर कालेज के सामने बाक्स कलवर्ट (नाला) का शिलान्यास।समोपुर खुर्द में संपर्क कार्य का शिलान्यास। पूर्वांचल विकास निधि के द्वारा टिकरी कलां, पुल से माईनर की पटरी से होते हुए तरसावॉ बड़उर सम्पर्क मार्ग। पूर्वांचल विकास निधि के अन्तर्गत जैगहा लखमापुर से मानीखुर्द मार्ग तक नव निर्माण कार्य। रात्रि विश्राम– निरीक्षण भवन, लो०नि०वि०, जौनपुर में करेंगे। 30 दिसम्बर 2022 को 10.00 से महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना अन्तर्गत विभिन्न कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास करेंगे। ब्लाक–खुटहन, ग्राम पंचायत–मोलनापुर में खड़ंजा से बस्ती तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। ब्लाक–खुटहन, ग्राम पंचायत मोलनापुर में मेल रोड से प्राइमरी स्कूल तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। ब्लाक– खुदहन ग्राम पंचायत ईश्वरपुर, सलहदीपुर रोड से पंचायत भवन तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। ब्लाक– खुदहन, ग्राम पंचायत नदौली, पक्की सड़क से प्यारेलाल के चक तक पक्की नाली व सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। ब्लाक– खुटहन, ग्राम पंचायत नदौली, महादेव सील से अमृत सरोवर तक पक्की नाली व सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। ब्लाक– खुटहन, ग्राम पंचायत नदौली, पक्की सड़क से नहर तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। ब्लाक– खुदहन ग्राम पंचायत मैदासपट्टी में पंचायत भवन का शिलान्यास। ब्लाक– खुदहन ग्राम पंचायत जिदखोरा में पंचायत भवन का शिलान्यास। ब्लाक– खुदहन ग्राम पंचायत धमौर में नाली व सी०सी० रोड का लोकार्पण। ब्लाक– खुटहन, ग्राम पंचायत–मुजक्कीपुर में मेन सड़क से प्राइमरी स्कूल तक सी०सी० रोड का निर्माण कार्य। ब्लाक–खुटहन, ग्राम पंचायत मुजक्कीपुर में सरवरे आलम के घर से हरिजन बस्ती तक पक्की नाली व सी०सी० रोड का निर्माण कार्य।

## नवागत थानाध्यक्ष का कस्बे के व्यापारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया स्वागत

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली–(हरदोई) : जिले के पाली थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय से बुधवार को नगर के व्यापारियों ने मुलाकात की। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान इंस्पेक्टर पाण्डेय जी ने व्यापारियों का स्वागत किया। मुलाकात के अवसर पर उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को सुना और अपना सुझाव भी दिया, वहीं व्यापारियों ने थाना प्रभारी निरीक्षक से अपनी बात रखते हुए कहा कि जब वह लोग शाम को दुकान बंद करके घर जाते हैं तो बस स्टॉप, बरगद चौराहा पर गाड़ी का चालान कर दिया जाता है इस चेकिंग से व्यापारियों को अनेक प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोकल के लोगों का बाजार आना जाना लगा रहता है इस चेकिंग से व्यापार पर भी फर्क पड़ता है, वहीं थाना प्रभारी ने व्यापारियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि अब वाहन चेकिंग कस्बे से कुछ दूरी पर लगायी जायेगी जिससे व्यापार करने में दिक्कत ना हो। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वे अपनी –अपनी दुकान के सामने बल्ब लगाएं। यदि सम्भव हो तो कैमरा भी लगाएं। वही थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय ने पेट्रोल पंप मालिकों से कहा कि जब भी बैंक



में कैश जमा करने जाएं तो उन्हें सूचना दें। वह सुरक्षा के लिहाज से पुलिस मुहैया कराएंगे जिससे रास्ते में कोई घटना ना हो सके। व्यापारियों को सुरक्षा देना उनकी प्राथमिकता है। अगर किसी भी व्यापारी को कोई समस्या आए तो उन्हें तुरंत सूचना दें। समस्या का शीघ्र अति शीघ्र समाधान करेंगे। वहीं व्यापारियों ने थाना प्रभारी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर व्यापारी अरविंद बाजपेई, डब्लू मिश्रा, रजनीश गुप्ता उर्फ रन्नी, रमेश चंद गुप्ता, नूर अहमद, मारूफ खान, मनोज गुप्ता, संतोष बाजपेई, चंद्र प्रकाश मिश्रा, अनीश, इंद्रपाल कुशवाहा, अजीत गुप्ता, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### महापौर संयुक्ता भाटिया ने किया न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कैसरबाग बारादरी में न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया संस्था द्वारा सिल्क प्रदर्शनी का आयोजन नव वर्ष में होने वाली खरीदारी को लेकर आठ जनवरी 2023 तक चलने वाली न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर संयुक्ता भाटिया के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ इस मौके पर आयोजक मानस आचार्य व जावेद मकसूद ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया।प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यो से आये बुनकरों के पास विभिन्न प्रकार के मटेरियल से बनी साड़ी सूट डिजायनर वेस्टर्न और ब्राइडल वियर सिल्क कॉटन साड़ी कुर्ती टॉप खादी शर्ट फैशन जूलरी बेड सीट भदोही की कालीन ज्वैलरी ड्राई फ्रूट और बहुत कुछ ! प्रदर्शनी में सौ प्रतिशत सिल्क उत्पाद व विंटर कलेक्शन भी सेल किये जा रहे है !उद्घाटन के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन करती महापौर ने कहा इस जगह पर आये विंभिन्न राज्यों के उत्पाद बुनकरों द्वारा तैयार किये गए है जो सीधे ग्राहकों को मिला रहा है यह अच्छा प्रयास है और उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में एक ही छत के नीचे सब कुछ उपलब्ध होगा यह लखनऊ वासियों के लिए अच्छी बात है उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार बुनकरों के काम को बढ़ावा देने के लिए कर रही है ताकि उनका कारोबार आगे बढ़ता रहे !महापौर ने सभी आर्टीजनोंको आगामी नव वर्ष 2023 शुभकानाएं दी और और मीडिया क माध्यम से सभी को एक बार प्रदर्शनी में पधारने के लिए



कहा !प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश की मलबरी सिल्क ,जामदानी व् जमावार सिल्क साड़ी उपलब्ध है बिहार की जैविक टसर सिल्क साड़ी सूट व् दुपट्टा ड्रेस मटेरियल तमिलनाडु की कांजीवरम सिल्क सड़ी व् डिजायनर साड़ी व् सूट आंध्र प्रदेश की उप्पड़ा, गढ़वाल,मंगलगिरी,व् पोच्चम पल्ली साड़ी पश्चिम बंगाल की बालूचरी, ढाका मशलीन,बुटीक व कांथा साड़ी छत्तीसगढ़ अनन्य कच्वी व् कोसा सिल्क साड़ी व ड्रेस मटेरियल उपलबध है !प्रदर्शनी में आने वाले ग्राहकों की हर सुविधा का ध्यान रखा जा रहा है।प्रदर्शनी में कर्नाटक की सोने के तार से तैयार गोल्ड जरी वर्क काँजीवरम सिल्क साड़ी को देखने के लिए ज्यादा उत्साहित रहे लोग।जिसका मूल्य दो लाख से ढाई लाख रुपये है । इस बार प्रदर्शनी में खुर्जा की क्राकरी व भदोही भी कार्पेट भी देखने को मिल रही है जो ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

## जिलाधिकारी व अध्यक्ष रेड क्रास सोसायटी टीम के सदस्यों द्वारा रात्रि भ्रमण कर असहायों एवं जरुरतमंदों में कंबल का किया गया वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मंगलवार को बढ़ते ठंड एवं गलन को देखते हुए जिलाधिकारी/अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रास सोसायटी मनीष कुमार वर्मा ने रेड क्रास टीम के सदस्यों के साथ रात्रि भ्रमण कर जनपद में बने रैन बसेरों, रोडवेज बस स्टैंड, सद्भावना पुल, कोतवाली, चहारसू चौराहा, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल, असहायों एवं जरुरतमंदों में कंबल का वितरण किया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर जल रहे अलाव का निरीक्षण भी किया और अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया की ठंड को देखते हुए और अलाव की व्यवस्था की जाय। कंबल वितरण के दौरान जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि रेडक्रास का उद्देश्य है कि पीड़ित, असहायों की सेवा करना और अन्य लोंगो को भी प्रोत्साहित करना। उन्होंने कहा कि अत्याधिक ठंड से उत्पन्न होने वाली समस्याओं



के गत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण कराया जा रहा है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चौहान, एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती, एसडीएम नेहा मिश्रा, एसडीएम ऋषभ पुंडीर, अधिशाषी अधिकारी संतोष मिश्र, सचिव रेडक्रास डॉ. मनोज वत्स, कोषाध्यक्ष डॉ संदीप पाण्डेय सहित सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## सुर संगम परिवार द्वारा असहायों को किया गया कम्बल वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के चाचकपुर मोहल्ले के मालिन बस्ती मे मंगलवार को सुर संगम परिवार के सौजन्य से संस्था के अध्यक्ष पंकज सिन्हा ने असहायो के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसके मुख्य अतिथि संस्था के सरंक्षक व कार्यक्रम संयोजक अशोक गुप्ता एवंम विशिष्ट अतिथि अरुणा गुप्ता, व अजय श्रीवास्तव रिटार्यड जिला जज रहे । पंकज सिन्हा ने सुर संगम परिवार के सभी पदाधिकारियों के साथ आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।



मुख्य अतिथि अशोक गुप्ता ने कम्बल वितरण कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जो काम अकेला आदमी नहीं कर सकता वही काम चार लोग मिलकर आसानी से कर सकते है मुख्य अतिथि ने ग्रामीण आजीविका मिशन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी विशिष्ट अतिथि अरुणा गुप्ता ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कई योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्होंने कहा कि जिसको भी हमारे सहयोग की आवश्यकता होगी हम सदैव सहयोग व जानकारी देने के लिए तत्पर रहूगी । अजय श्रीवास्तव ने कहा कि हम चाहते है कि अधिक से अधिक मामलों को आप लोग स्वयं बातचीत करके निपटा लें । जहां हमारी जरूरत समझ में आए हम जरूर सहयोग करेंगे । पंकज सिन्हा ने कहा कि हमारी संस्था हमेशा समाज के हितों के लिए काम करती है। जब भी किसी असहायों को मेरी या संस्था की मदद चाहिए तो वो तुरन्त मुझसे मिला सकता है। उसकी पूरी मदद की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिले भर से सम्भ्रांत नागरिक रहे। इस अवसर पर मुख्य रुप से वरिष्ठ संरक्षक आनन्द मोहन श्रीवास्तव कैप्टन एस पी सिंह मनीष श्रीवास्तव ,रवि श्रीवास्तव शिव शंकर साहनी लोकेश साहू मनीष एडवोकेट य विवेक सिंह, वरिष्ठ पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक , अंकित श्रीवास्तव पत्रकार , सुलभ श्रीवास्तव , आदि के आलावा संस्था के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।मंच का संचालन शैली गगन ने किया।

## जिलाधिकारी द्वारा नव निर्वाचित कलेक्ट्रेट बार के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान



जौनपुर सू.वि. : कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ भवन में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा नव निर्वाचित कलेक्ट्रेट बार के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया व उनके साथ बैठक कर अधिवक्ताओं व बार की समास्याओं पर चर्चा की जिस पर अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि संघ भवन स्थित पानी टँकी जर्जर व पुरानी है और भवन के बाहर सफाई कम होने से गंदगी रहती है जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द टंकी बदलवा दी जायेऔर उन्होंने कूड़े के लिए 02 कंटेनर रखे जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा एडवोकेट, महामंत्री लालबहादुर यादव एडवोकेट, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश पाल एडवोकेट, सयुंक्त मंत्री सोमारू राम प्रजापति, जयत्री प्रसाद मिश्र, रामफेर उपाध्याय, हरिश्चन्द्र, प्रदीप यादव, अखिलेश यादव, बृजेश यादव, अभय यादव उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**आपकी कमजोरियां पुरुषार्थ को कठिन बना देती हैं।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# हाशिये पर: वे जो सुर्खियों में नहीं हैं

हमारे पास इस बात का विश्वसनीय आंकड़ा होना चाहिए कि कितने भारतीय अब भी मानव अपशिष्ट की असुरक्षित सफाई जैसी गतिविधि में शामिल हैं। यह भी समझने की जरूरत है कि मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाएं पूरी तरह से काम क्यों नहीं कर पाई हैं।

विश्व कप फुटबॉल और चुनावी विश्लेषण के सुर्खियों में रहने के साथ एक बार फिर एक बहुत ही गंभीर सवाल धीरे–धीरे सार्वजनिक चर्चा में छाए रहने की संभावना है। सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई करते समय 'दुर्घटनाओं' के कारण भारतीयों की मौत वर्ष 2022 में भी क्यों जारी है?

इस हफ्ते केंद्र सरकार ने लोकसभा को बताया कि देश में पिछले तीन वर्षों (2019 से 2022) में हाथ से मैला ढोने के कारण किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इस अवधि के दौरान 233 लोगों की मौत 'सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई करते समय दुर्घटनाओं के कारण' हुई। उसके तुरंत बाद, सफाई कर्मचारी आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक, बेजवाड़ा विल्सन ने ट्वीट किया, 'सरकार सभी सीवर और सेप्टिक टैंक में हुई मौतों को केवल दुर्घटनाओं बताने की इच्छुक है। ऐसे में, इस अप्रतिष्ठित जाति–आधारित कुप्रथा को समाप्त करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है।' सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले ने एक लिखित उत्तर में लोकसभा को बताया कि 2022 में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान कम से कम 48 श्रमिकों की मौत हुई, जिनमें दिल्ली के चार और हरियाणा के 13 (देश में सर्वाधिक) सफाईकर्मी शामिल थे। सरकार ने कहा कि 2022 में सीवर की खतरनाक सफाई के दौरान मरने वाले 48 लोगों में से 43 को अब तक मुआवजा दिया जा चुका है।

पिछले साल (दिसंबर, 2021) राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने कहा था कि पिछले पांच वर्षों में मैला ढोने से किसी की मौत की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, 2017 से 2021 के बीच सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान 321 लोगों की जान चली गई।

ऐसा क्यों है कि साल–दर–साल अनुसूचित जाति के लोग इस तरह के क्रूर अपमानजनक काम करते हुए मर जाते हैं? साल–दर–साल मैला ढोने की कुप्रथा को खत्म करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर संसद में सवाल उठाए जाते हैं। आखिर हम इस पर और जोरदार ढंग से चर्चा क्यों नहीं करते? गंदे शौचालयों में हाथ से मानव मल को साफ करने और उसे सिर पर ढोकर ले जाने की अनुमति कानून में नहीं है। 'मैनुअल स्कैवेंजर्स के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013' के तहत हाथ से मैला ढोने की कुप्रथा को प्रतिबंधित कर दिया गया है। लेकिन वास्तविकता में इस जाति–आधारित अमानवीय प्रथा के खत्म होने का कोई संकेत नहीं दिखाई देता है।

यह एक पुरानी कहानी है। पिछली और वर्तमान सरकारें, सीवरों और सेप्टिक टैंकों की खतरनाक सफाई को रोकने के लिए स्वयं द्वारा उठाए गए कदमों को गिनाती हैं। लेकिन ऐसी मौतें लगातार जारी हैं। एक के बाद एक आने वाली सरकारों ने मरने वालों के परिवारों को मुआवजा देने की भी बात कही है।

हमें इन सबके प्रति उदासीन नहीं रहना चाहिए। हमें सवाल पूछना चाहिए कि मौतें क्यों हो रही हैं और मानवाधिकार के पैरोकारों और जमीनी कार्यकर्ताओं की बातें सुननी चाहिए, जो जाति व्यवस्था में निहित इस अमानवीय प्रथा से संबंधित प्रमुख प्रश्न उठा रहे हैं।

मैला ढोने की प्रथा के बारे में एक सार्थक राष्ट्रव्यापी बहस का प्रारंभिक बिंदु विश्वसनीय आंकड़ा है। जनवरी, 2021 में, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक आधिकारिक बयान में कहा गया था, 'मैन्युअल स्कैवेंजिंग पर एनएचआरसी द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला में यह दृढ़ता से महसूस किया गया था कि कई राज्य यह दावा करते हैं कि उनके यहां एक भी मैला ढोने वाले और गंदे शौचालय नहीं हैं, लेकिन यह सच नहीं है। इसलिए आयोग ने सिफारिश की है कि देश के किसी भी क्षेत्र में मैला ढोने वालों की संख्या के बारे में संबंधित अधिकारियों द्वारा गलत सूचना दिए जाने के मामले में जवाबदेही तय की जानी चाहिए।'

हमारे पास इस बात का विश्वसनीय आंकड़ा होना चाहिए कि कितने भारतीय अब भी इस घृणित गतिविधि में शामिल हैं। फिर हमें यह समझने की जरूरत है कि मैला ढोने वालों के पुनर्वास के लिए बनाई गई विभिन्न योजनाएं पूरी तरह से काम क्यों नहीं कर पाई हैं। ऐसी पुनर्वास योजनाओं में एकमुश्त नकद सहायता, कौशल विकास प्रशिक्षण और सब्सिडी शामिल हैं।

संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट (2020) में कुछ ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, समिति ने बताया कि 31 मार्च, 2020 तक देश में 63,246 मैला ढोने वालों की पहचान की गई थी। समिति ने निराशा जताई कि एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में चिह्नित 48,687 हाथ से मैला ढोने वालों में से केवल 30,246 सफाई कर्मियों की मुक्ति और पुनर्वास के लिए स्वरोजगार योजना (एसआरएमएस) के तहत एकमुश्त नकद सहायता (ओटीसीए) प्रदान की गई थी।

'कथित तौर पर, राज्य सरकारों द्वारा प्रदान किए गए बैंक खातों, पते आदि के अधूरे विवरण के कारण शेष मैला ढोने वालों को ओटीसीए प्रदान नहीं किया जा सका। समिति के विचार से सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार सभी मैला ढोने वालों को ओटीसीए प्रदान किया जाना चाहिए। इसलिए वह विभाग से सक्रिय रूप से संबंधित राज्य सरकारों से अपेक्षित विवरण प्राप्त करने का आग्रह करती है। समिति ने यह भी रेखांकित किया कि अभी तक 9,563 मैला ढोने वालों या उनके आश्रितों के एक छोटे से हिस्से ने कौशल विकास प्रशिक्षण का विकल्प चुना है। समिति को लगता है कि भले ही इस योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण स्वैच्छिक है, लेकिन विभाग द्वारा अधिक से अधिक हाथ से मैला ढोने वालों को कौशल प्रशिक्षण का विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जाने चाहिए, ताकि वे बेहतर रोजगार के अवसरों का सृजन/उपयोग कर सकें और गरिमापूर्ण जीवन जी सकें।'

आधिकारिक तौर पर भारत मैला ढोने और सीवर व सेप्टिक टैंक की सफाई के बीच अंतर करता है। लेकिन कठोर वास्तविकता यह है कि मौतें और भेदभाव सीवरों की सफाई का हिस्सा हैं। इसे जारी रखने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## "धरती बचाओ " विषय पर आधारित कक्षा 5 की मंच प्रस्तुति

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सेठ एम .आर. जयपुरिया स्कूल्स ,गोयल कैंपस के सभागार में ''धरती बचाओ'' जैसे ज्वलंत विषय को कक्षा ५ के छात्रो ने विविध विधाओं ( नाटिका,गायन,नृत्य)के द्वारा प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ गोयल ग्रुप के चेयरमैन महेश अग्रवाल , प्रधानाचार्या डॉ. रीना पाठक, उपप्रधानाचार्य सुशांत श्रीवास्तव, हेडमिस्ट्रेस शिल्पी जैन के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। छात्रों की मनमोहक प्रस्तुति ने अभिभावकों का दिल जीत लिया और सभी ने भरपूर तालियों से छोटे –छोटे बच्चो के प्रयासों की सराहना की। इस मंचन का मूल उद्देश्य छात्रों की प्रतिभा को निखारने के साथ साथ सम सामयिक विषयों के प्रति उन्हें जागरूक करना भी



था ।उनकी प्रस्तुति ने विद्यालय प्रशासन की भावना को पूर्ण किया ।चेयरमैन ने आशिर्वचनों से सभी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की सराहना की ।अंत में प्रधानाचार्या ने उपस्थित अतिथियों ,अभिभावकों का धन्यवाद करके, छात्रों की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

## चार साहिब जादों को किया नमन उधम सिंह जी को दी पुष्पांजलि –खोसला

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय दिल्ली : अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जाकिर खान की अध्यक्षता में आयोग के सदस्य बिंद्रा जी और नैंसी जी के सहयोग से सभा का आयोजन किया गया राजीव जोली खोसला ने चार साहिब जादों को किया नमन और शहीद उधम सिंह जी को दी पुष्पांजलि और बताया कि सिखों की कुर्बानी की अनेकों गाथाएं संसार के लिए अहम हैं जिसमें गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्र, अजित सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने मुगलों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण लड़ाई में अपने जीवन का बलिदान दिया था। आज हम सबको नमन करते हैं और आज शहीद उधम सिंह जी के 124वें जन्म दिवस के अवसर पर आयोग के सभागार में सभी राष्ट्रभक्तों ने पुष्पांजलि अर्पित की, उधम सिंह जी ने 1919 जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला 1940 में जनरल डायर को लंदन में मार कर लिया था, सिखों को यह प्रेरणा अपने गुरु की कुर्बानी से ही मिली कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आदरणीय राज त्रिपाठी जी क्रांतिकारी शहीद जमुना प्रसाद त्रिपाठी जी के पोते जो पिछले 51 वर्षों से उत्तर प्रदेश मैनपुरी में शहीदी मेले का आयोजन कर रहे हैं जो एक ऐतिहासिक मेला होता है! कार्यक्रम में उपस्थित नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के संस्थापक सुशील खन्ना जी जो भारत को नशा मुक्त बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं, कार्यक्रम में उपस्थित साध्वी रेणुका शर्मा जी, जो पिछले काफी समय से गौरक्षा पर आंदोलन कर रही हैं रिजवान भाई, हितेश शर्मा जी ने अंतर्राष्ट्रीय मॉडल उधम सिंह जी के जीवन का सोलो एक्ट किया वा चार साहिब जादों की कुर्बानी का व्याख्यान भी किया, सरदार हरविंदर सिंह जी ने सिखों के इतिहास की दास्तान सबको बताई और गुरु की चादर पुस्तकें सबको दी, गायक लोकेश शर्मा व गायिका किरण ठाकुर ने भी राष्ट्रभक्ति के गीत पेश किए राजीव खोसला ने कहा कि सिख कौम का



इतिहास तो जगजाहिर है वह हर प्रकार के जनहित कार्य करते हैं जैसे गुरुद्वारों में आए दिन करोड़ों को भोजन करवाते हैं, बिना जात पात देखे, सुखविंदर सिंह सिद्धू क्रांतिकारी परिवार से हैं वह भी सिख समुदाय के माध्यम से सब को जागरूक करते रहते हैं, उत्तर भारत की प्रथम महिला ऑटो चालक सुनीता चौधरी ने भी विचार रखे, चेयरमैन जाकिर खान जी और राजीव जोली खोसला द्वारा भीम ब्रिगेड के माध्यम से बनवाई गई 12 क्रांतिकारी वीरों की तस्वीर वाली घड़ियां 'भीम योद्धा अवार्ड' के रूप में 5 राष्ट्र भक्तों को दी, राज त्रिपाठी शहीदी मेला आयोजक मैनपुरी उत्तर प्रदेश, श्रीमती अनीता मीना जी राजस्थान कोटा जो आदिवासियों के लिए कार्य कर रही है, साध्वी रेणुका जी गौरक्षा के लिए कार्य कर रही हैं, वह गंगोत्री उत्तराखंड से आई थी, हरविंदर सिंह जी जो एकता का पैगाम दे रहे हैं, श्रीमान इरफान सैफी जी प्रसिद्ध समाज सेवक, कार्यक्रम देर शाम तक चला उपस्थित राष्ट्र भक्तों में दीपक शर्मा ,दीपक दुबे, रमेश कुमार ,वरुण राज सिंह, रोहित कुमार, के के राघव, ए जे राजन , गीता अरोड़ा ,डिंपी विज, रविंद्र सिंह, मोहम्मद अजहर ,रफीक भाई ,अभिवक्ता शैलेंद्र कुमार जी ने भी राष्ट्रभक्ति का गीत गा कर सभी को मगन कर दिया, विजय कुमार , दिलदार सिंह सभरवाल, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद आरिफ, मनजीत कौर, संजय मित्तल ,बलराम जी, विकास मर्सी ,सुधाकर सिंह, गजेंद्र सिंह, हाजी रशीद जी ,डिंपल जी, रीमा जी, त्रिवेणी जादौन जी, पूनम जी, अभिवक्ता अरुण सिंह, डी के मेहंदी रता ,अर्चना झा जी, महेश कुमार जी, लक्ष्मी जी, बलविंदर खोसला और मोहम्मद हारून भाई ने आए हुए सभी राष्ट्र भक्तों का सम्मान किया फोटोग्राफर प्रेम सिंह ने खूबसूरत लम्हों को अपने कैमरे में कैद किया।

## "समानता लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण पहलू है" –असीम अरुण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन के इंडियाज डॉटर्स कैंपेन सम्मान समारोह में असीम अरुण राज्य मंत्री समाज कल्याण ने कहा "समानता लोकतंत्र का एक अहम पहलू है। लोकतांत्रिक सोच का मतलब यही है कि हम बराबरी में विश्वास रखते हैं। समानता के लिए हम बच्चियों को बताये उससे अधिक महत्वपूर्ण हैं कि हम अपने बेटों को बताएं कि लड़कियां एक सामान हैं और पितृसत्ता को जड़ से मिटाने के लिए उन्हें आगे आना होगा। समानता के भाव से अगर हम काम करे तो हम लोक तंत्र को मजबूत करते हैं। इस बात की खुशी है कि स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन इस पर काम कर रहा हैं।" असीम अरुण ने हस्ताक्षर कर कैंपेन को लगातार चलने के लिए सभी से अनुरोध कर अपनी भागेदारी सुनिश्चित की। स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन ने पितृसत्ता से लड़ने के लिए इंडियाज डॉटर्स अभियान चला रखा है। २०२२ में इस अभियान के अंतर्गत 1700 स्कूलों ने प्रतिभागिता की है। इस वर्ष अभियान में आयोजित होने वाली रैलियां, नुक्कड़ नाटक, चर्चाएं और प्रतियोगितायें पुरुष केंद्रित थी। इस वर्ष का नारा – Its time for men and boys to change पिछले दो वर्षों से इंडियाज डॉटर्स कैंपेन का फोकस लड़के बन गए हैं। सभी स्कूलों में पितृसत्ता पर चर्चा का आयोजन किया जाता रहा है। इसी के साथ साथ drama competition, film making, poster making, मेंल और poem writing competitions कराये गए। इन बवउचमजपजपवदे में लगभग २ लाख बच्चों ने हिस्सा लिया है और विजेताओं में १ लाख 54 हजार की धनराशि स्कालरशिप के रूप में वितरित की गयी।

## चोरों द्वारा सेंध लगाकर उठा ले गए लाखों के जेवरात और नगदी

जौनपुर शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के भड़ौरा गांव में लाखों के जेवरात और नगदी चोरों ने सेंध लगाकर उठा ले गए। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों ने घर से दूर खेत में सामान बिखरा देख कर घर में कोहराम मच गया। बता दें कि भड़ौरा गांव के रामू यादव पुत्र राजदेव यादव के घर आज रात्रि लगभग 12:00 बजे के बाद चोरों ने घर के पीछे से दीवार काट कर लगभग 2 लाख का जेवरात और 15000 कैस उठा ले गए। घर से सामान निकाल कर के घर से काफी दूर नाटे यादव के गेहूँ के खेत में 2 पेटी दो सूटकेस को तोड़कर के उसमें से कीमती सामान को निकाल कर के और खाली पेटी सूटकेस अटैची छोड़ करके फरार हो गए। जिसमें मुन्नी देवी पत्नी रामू यादव माता कल्ली देवी के सूटकेस में जेवरात 2 जोड़ी पायल,5 जोड़ी मीना,1 छागल,1 आयरन,2 झाली,1 नथिया , और किसी निजी काम के लिए ध15 हजार कैश रखी थी। चोरों ने नहीं छोड़ा वहीं रामू यादव की बहन आरती पत्नी उमाकांत निवासी अंगुली थाना खुटहन अपने माई के आयी थी। माताजी के सूटकेस के साथ आरती का जेवरात



रखा था। राजदेव यादव 15000 छुपाकर के दवा के लिए अलग अटैची में रखे थे ।चोरों ने रामु यादव का पूरा घर खंगाला। वही बगल में घर के सभी परिवार सो रहे थे। लेकिन तनिक भी इस घटना का भनक भी नहीं लगा। रामू यादव ने इस घटना का सूचना 112 पुलिस को दिया। 112 पुलिस ने आकर अपने प्रतिक्रिया दर्ज कर वापस चली गई। रामु यादव ने तत्पश्चात लिखित सूचना सरायख्वाजा थाना प्रभारी को दिया। सरायख्वाजा थाना अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले का सघनता से छानबीन की जा रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने दिया सीताकुण्ड चौकी इंचार्ज के खिलाफ जांच का आदेश

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : कोतवाली नगर की सीताकुण्ड पुलिस चौकी इंचार्ज कमलेश यादव की दबंगई के चलते आम जनता अपने आपको त्रस्त महसूस कर रही है। आये दिन लोगो को पीट देना, खुलेआम गाली–गलौज करना इनके लिए आम बात हो गई है। इसी क्रम में बीती शाम को छात्र अनुभव को चौकी इंचार्ज ने गाली देते हुए चेहरे पर थप्पड़ मार दिया। जिससे छात्र के चेहरे पर सूजन आ गई और वो सकते में आ गया। छात्र की चोट को देखते हुए उसे जिला अस्पताल की इमरजेंसी में रात्रि में ही दिखाया गया ।जहां उसका इलाज हुआ, जिससे छात्र सदमे में है ।इस बात को गम्भीरता से लेते हुए पत्रकारों का प्रतिनधि मण्डल एस पी से मिलकर चौकी इंचार्ज को उपरोक्त चौकी से हटाने की मांग की। जिससे आम जनता में पुलिस विभाग की छवि न खराब हो ।पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए तत्काल सी ओ सिटी को विभागीय जांच के लिए आदेशित कर दिया। पुलिस अधीक्षक के समक्ष बैठे हुए कुछ अधिवक्ताओं ने भी सीताकुंड चौकी इंचार्ज की दबंगई की एस पी से शिकायत की और उन्हें बताया कि ये काफी दिनों से एक ही चौकी पर विराजमान है। सीताकुंड चौकी के ठीक सामने दीवानी न्यायालय है, जिससे अधिवक्तागण भी इनकी कार्यशैली से भली भांति परचित है। पत्रकार प्रतिनिधि मण्डल में पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग करने में पत्रकार एसोसिशन के अध्यक्ष डॉ0अवधेश शुक्ला, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के अयोध्या मण्डल अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी, पत्रकार किशन पाठक, सर्वेश सिंह, विजय पांडेय,आशुतोष मिश्रा ,बृजेश श्रीवास्तव बंटू, अंकित राय, श्री प्रकाश पांडेय,रवि दुबे, राजदेव शुक्ला, पत्रकार संगठन के विधिक सलाहकार जयशंकर दुबे एडवोकेट , सतीश चंद्र पाठक एडवोकेट, मो अनवर एडवोकेट, जितेंद्र मिश्रा अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे।

## 24 घंटे बाद जिंदगी की जंग हार गया युवक : 29 को जॉब पर जाना था दुबई

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थानाक्षेत्र के सोनबरसा गांव में शनिवार देर रात खेत से काम कर लौट रहे युवक को घात लगाकर बैठे बदमाशों ने सिर में गोली मार दी थी। लखनऊ के एक निजी हॉस्पिटल में युवक 24 घंटे बाद जिंदगी की जंग हार गया। बताया जा रहा है कि मृतक युवक दुबई में जॉब करता था, वो अक्टूबर माह में घर आया था और 29 दिसंबर को रिटर्न जाने वाला था। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है ।सोनबरसा गांव निवासी मोहम्मद इकराम (26) वर्ष पुत्र मोहम्मद असलम शनिवार शाम पिता के साथ गेहूं की फसल की सिंचाई कराने खेत गया था। बाइक से घर वापस लौटते समय अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मारकर लहूलुहान हालत में फेका और मौके से भाग निकले। कुछ समय बाद पिता घर पहुंचा और बेटे के घर पर नहीं मिलने पर उसने तलाश शुरू किया तो गांव के बाहर बाग में बेटा खेत में खून में लथपथ मिला ।परिवार वाले उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में एक निजी




हॉस्पिटल में युवक की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार को एसपी सोमेन वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिये थे। थानाध्यक्ष बल्दीराय अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पत् मुकदमा दर्ज किया गया है। इकराम दुबई में रहकर जॉब करता था। 28 अक्टूबर को वो दुबई से लौटा था,आने वाले 29 दिसंबर को उसे वापस जॉब पर लौटना था। मृतक के तीन भाई है, जिसमे मोहम्मद इरफान,मोहम्मद इमरान व मोहम्मद एहसान और दो बहन है ।तीनों भाइयों में वो तीसरे नंबर पर है। घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### विधायक ताहिर खान ने घटना का लिया संज्ञान : कप्तान से की वार्ता

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय थाना क्षेत्र के पारा चौकी अंतर्गत सोनबरसा गांव में गोली मार कर की गई हत्या के मामले में पुलिस कप्तान सोमेन वर्मा से की वार्ता,कहा हत्या कांड का जल्द हो खुलासा,पुलिस घटना की तह तक जा कर करे जांच, किसी निर्दोष को न जांच के नाम पर न करे परेशान, मृतक के परिजनों और ग्राम प्रधान से भी की वार्ता,मृतक के परिजनों ने सुबह पोस्टमार्टम करवाने के लिए विधायक से कहा,विधायक ताहिर खान ने परिजनों को दिया आश्वासन सुबह ही होगा पोस्टमार्टम। कल की बीती रात में सोनबरसा गांव के मोहम्मद इकराम(26) को अज्ञात हमलावरों ने मार दी थी गोली,24 घंटे बीतने के बाद अस्पताल में तोड़ा दम।

### नई दिल्ली–श्री माता वैष्णो देवी व कटरा के बीच चलेगी स्पेशल रेलगाड़ी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रेलयात्रियो के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे नई दिल्ली–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा के बीच स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 01635/01636 का संचालन निम्नानुसार करेगी :– 01635/01636 नई दिल्ली –श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा–नई दिल्ली स्पेशल रेलगाड़ी (2 फेरे) 01635 नई दिल्ली–श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 30. 12.2022 को नई दिल्ली से रात्रि 11.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन पूर्वाह्न 11:20 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहूँचेगी। वापसी दिशा में 01636 श्री माता वैष्णो देवी कटरा दृ नई दिल्ली स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 01.01.2023 को श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से रात्रि 11.50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन पूर्वाह्न 11.40 बजे नई दिल्ली पहूँचेगी। वानानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र जंव , अम्बाला कैंट, लुधियाना, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी तथा उधमपुर स्टेशनो पर दोनों दिशाओ में रुकेगी। दरभंगा–आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलेगी द्वि–साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी रेलयात्रियो के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे दरभंगा– आनंद विहार टर्मिनल के बीच द्वि–साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 05527/05528 का संचालन निम्नानुसार करेगी :– 05527/05528 दरभंगा– आनंद विहार टर्मिनल– दरभंगा द्वि–साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी (54फेरे) 05527 दरभंगा– आनंद विहार टर्मिनल द्वि–साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 29.12.2022 से 30.03.2023 तक प्रत्येक वीरवार और रविवार को दरभंगा से दोपहर 01.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 01:00 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहूँचेगी। वापसी दिशा में 05528 आनंद विहार टर्मिनल–दरभंगा द्वि–साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी दिनाँक 30.12. 2022 से 31.03.2023 तक प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को आनंद विहार टर्मिनल से दोपहर 03.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 03.45 बजे दरभंगा पहूँचेगी। वानानुकूलित, शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बो वाली यह द्वि–साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग मे जनकपुररोड़, सीतामढ़ीजंव, बैरगनिया, रक्सौलजंव , नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद, तथा गाजियाबाद स्टेशनो पर दोनों दिशाओ मे रुकेगी।

## सीएचसी शाहाबाद की मेडिकल टीम द्वारा छात्राओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहाबाद सी एच सी की मेडिकल टीम ने नेहरु म्यूनिसिपल कन्या इण्टर कॉलेज में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टर सर्वेश कुमार वर्मा के अनुसार कालेज में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की 148 छात्राओं का चेक अप किया गया। कमलाकांत फिजियोथेरेपिस्ट, संतोष कुमारी स्टाफ नर्स एवं डॉक्टर पुनीता गुप्ता आदि ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर स्किन, नेत्र,वजन, फीवर खांसी,हार्ट डिजीज आदि का 148 छात्राओं का परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्या नुरुल हुमा, विषय विशेषज्ञ अम्बरीष कुमार सक्सेना, भैरवी अग्निहोत्री, शशि शुक्ला, नायाब जहां,



वंदना दीक्षित,वैशाली यादव,वर्तिका शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# बसेरवा गाँव मे खड़न्जा उखाडने के आरोप मे प्रधान सहित 4 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बसेरवा गाँव मे खडन्जा उखाडने पर ग्राम प्रधान सहित गांव के तीन अन्य लोगो के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मीरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मीरगंज थाना के बसेरवा गाँव के पुर्व प्रधान कमलेश कुमार ने न्यायालय मे प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था की 2016 मे पुर्व उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार मछलीशहर की उपस्थिति मे तत्कालीन राजस्व निरिक्षक मय लेखपाल की टीम मे ग्राम सभा बसेरवा की भूमि मे भुमि संख्या 699 जो ऊसर खाते मे दर्ज का पैमाइस करके एक आम रास्ता चिन्हित किया था जो पहले आम रास्ता के रुप मे मिट्टी ग्राम सभा द्वारा डालकर इस्तेमाल हो रहा था उस पर मार्ग चिन्हाकन के बाद ग्राम सभा सरकारी कोष से खडन्जा आम रास्ते का निर्माण भी हुआ था उक्त आम रास्ता खडन्जा के निर्माण सरकारी कोष से 129878 रुपये खर्च हुए थे इसी आम रास्ते से गाव के लोग मास्टर व बच्चे प्राथमिक विद्यालय कसेरवा पर आते जाते थे और सरकारी कार्यक्रम व चुनाव आदी के समय भी इसी मार्ग से आवागमन होता था उपरोक्त खडन्जा मार्ग जंघई से जरौना पक्की सडक से निकल कर विद्यालय को जोडता है और अन्य कोई मार्ग विद्यालय पर नही है उपरोक्त खडन्जा के बगल के कास्तकार लोग ग्राम प्रधान की सह पर दिनांक 19 दिसम्बर 2021 को खडन्जा का ईट उखाड दिया उसके बाद ग्राम सभा की मिट्टी जेसीबी से खोदकर अपने खेत मे मिला लिया। ग्राम सभा की जमीन को अपने खेत मे मिला कर कब्जा कर लिया। जिस पर न्यायालय ने मीरगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था जिस पर मीरगंज पुलिस ने ग्राम प्रधान बसेरवा राकेश कुमार यादव पुत्र जवाहर लाल यादव, आत्मा राम पुत्र बाल गोविन्द, राम लोलारक पुत्र बाल गोविन्द, मुकेश कुमार पुत्र राम लोलारक के खिलाफ विभिन्न धाराओ मे मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता का कहना है न्यायालय के निर्देश पर ग्राम प्रधान सहित 4 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वीर सावरकर वीरता पुरस्कार से अदम्य साहसी छात्र सम्मानित



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने अदम्य साहसी एवं निर्भीक छात्र को थाना रहीमाबाद लखनऊ में वीरता पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। ग्राम बेलवा निवासी थाना रहीमाबाद का विद्यार्थी अपने छोटे भाई के साथ विद्यालय जा रहा था रास्ते में सियार ने छोटे भाई पर जानलेवा हमला कर दिया समीर ने अपने जीवन की परवाह ना करते हुए अपने छोटे भाई की जान बचाने के लिए सियार पर नियंत्रण पाने एवं भगाने के लिए सियार से भिड़ गया। अदम्य साहस एवं निर्भीकता का परिचय देते हुए अंततः समीर सियार को खदेड़ने में कामयाब रहा। रहीमाबाद थाना के प्रभारी निरीक्षक अंसारी के कर कमलों द्वारा ''राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा परिषद'' के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, राष्ट्रीय महासचिव कीर्ति सिंह एवं पब्लिक कोऑर्डिनेटर आलोक त्रिवेदी की उपस्थिति में समीर को प्रशस्ति पत्र एवं Rs 2100 नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान कर संस्था द्वारा प्रदत्त ''वीर सावरकर वीरता पुरस्कार''से सम्मानित किया गया।

# लोकबंधु चिकित्सालय में कोविड प्रबंधन की जांच के लिए कोविड मॉकड्रिल का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कोविड के बढ़ते खतरे को देखते हुए राज्य स्तर पर कोविड प्रबंधन की जांच हेतु कोविड मॉक ड्रिल आयोजन किया गया इससे कोविड मरीजों के भर्ती से संबंधित व्यवस्थाएं उपचार , नैदानिक सेवाओं के उच्च स्तरीय प्रबंधन एवम व्यवस्थाओं की जांच की गई , लोक बंधु कोविड मॉकड्रिल प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश सरकार पार्थ सारथी सेन शर्मा , डॉ के एन तिवारी निदेशक चिकित्सा उपचार एवं डॉ वी के सिंह संयुक्त निदेशक चिकित्सा उपचार एवम डॉ शाहिद रजा चिकित्सा अधीक्षक चंदर नगर के देखरेख में इस मॉकड्रिल के द्वारा व्यवस्थाओं को जांचा गया मॉकड्रिल के दौरान मरीज के एंबुलेंस द्वारा कोविड गेट तक पहुंचने एवं होल्डिंग एरिया में किए गए वाइटल असेसमेंट तथा गंभीरता को देखते हुए आईसीयू शिफ्ट करने की प्रक्रिया को जांचा गया, जिसमें लोक बंधु अस्पताल हमेशा की तरह उत्कृष्ट पाया गया, प्रमुख सचिव ने सभी व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की अस्पताल में उपलब्ध ऑक्सीजन प्लांट 960 एलपीएम एवं 500 एलपीएम के फ्लो रेट एवं प्योरिटी गुणवत्ता की जांच की गई जिसमें सभी मानक पूर्ण पाए गए, डॉ अजय शंकर त्रिपाठी जो कि मॉकड्रिल के नोडल अधिकारी भी है, ने बताया



कि कॉविड प्रबंधन में इस चिकित्सालय को पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली है, अगर कोविड की लहर आती है, तो , भर्ती,उपचार सबंधित सभी प्रबंधन के मानकों पर शत प्रतिशत खरा उतरेगा, कोविड के बचाव के सभी इंतजाम ओपीडी परिसर से शुरू किए जा रहे और साथ में जन समुदाय को भी जागरूक किया जा रहा है। मॉकड्रिल का संचालन डॉ दीपा त्यागी निदेशक एवम प्रमुख अधीक्षक , डॉक्टर एस के सक्सेना मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के नेतृत्व में किया गया एवम इस मॉकड्रिल डॉक्टर एस मेहता एनेस्थेस्टिक, एवम डॉ सुरेंद्र अग्रवाल वैभव वीजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# थाना बदलापुर की पुलिस टीम द्वारा अबैध गांजा की तस्करी करते हुए दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध अभियान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र सिंह के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बदलापुर श्री शुभम तोदी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार पान्डेय मय हमराही कर्मचारियों के साथ रात्रि गस्त व अवैध वाहन/संदिग्ध व्यक्तियों की चेंकिग के दौरान आज दिनांक 27.12.22 समय 04.30 बजे सुबह दो संदिग्ध व्यक्तियों 1. पवन कुमार सरोज पुत्र जियालाल सरोज उम्र 38 वर्ष नि0 ग्राम कमालपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर 2. दिलीप मिश्रा पुत्र रामजश मिश्रा उम्र 37 वर्ष नि0 ग्राम सोहांशा थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर की चेकिंग की गयी तो महिन्द्रा XUV 300 कार से 29.250 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 351/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व 420 भादवि का मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1. पवन कुमार सरोज पुत्र जियालाल सरोज उम्र 38 वर्ष नि0 ग्राम कमालपुर थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर 2.दिलीप मिश्रा पुत्र रामजश मिश्रा उम्र 37



वर्ष नि0 ग्राम सोहांशा थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर बरामदगी– 1–29.250 किलोग्राम नाजायज गाजा। 2–एक अदद महिन्द्रा XUV 300 कार गिरफ्तारी करने वाली टीम –1–प्रभारी निरीक्षक बदलापुर श्री सन्तोष कुमार पान्डेय मय टीम। 2–नि0 देवेन्द्र सिंह थाना बदलापुर जौनपुर। 3.उ0नि0 द्वारिकानाथ यादव थाना बदलापुर जौनपुर 4. उ0नि0 अनिल कुमार थाना बदलापुर जौनपुर 5–हे0का0 यासीन खां थाना बदलापुर, जौनपुर। 6–हे0का0 सतीश सिंह थाना बदलापुर, जौनपुर।7.हे0का0 राजेश कुमार थाना बदलापुर जौनपुर 8.हे0का0 नन्द कुमार राय थाना बदलापुर जौनपुर 9.हे0का0 छट्टू यादव थाना बदलापुर जौनपुर 10.का0 विपिन यादव थाना बदलापुर जौनपुर 11.का0 योगेश कुमार थाना बदलापुर जौनपुर 12.का0 सन्देश चौधरी थाना बदलापुर जौनपुर 13.का0 कुलदीप गोस्वामी थाना बदलापुर जौनपुर।

# थाना लाइनबाजार पुलिस नें मारपीट व गैर इरादतन हत्या के दो वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन में थाना लाइनबाजार पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश



वांछित अभियुक्त के दौरान वाजिदपुर तिराहा से मुखबीर सूचना पर मु0अ0सं0 552/22 धारा 147/323/504/308 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. अभिनव सिंह पुत्र मोजन कुमार सिंह निवासी धौरहरा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र 20 वर्ष 2– प्रमोद कुमार पुत्र चन्दन चौहान निवासी जमालपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त 1.अभिनव सिंह पुत्र मोजन कुमार सिंह निवासी धौरहरा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र 20 वर्ष 2– प्रमोद कुमार पुत्र चन्दन चौहान निवासी जमालपुर थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष गिरफ्तारी टीम 1.उ0नि0 आशुतोष कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी टी0डी0 कालेज थाना लाइनबाजार, जौनपुर। 2.का0 सुधीर कुमार, थाना लाइनबाजार जौनपुर। 3.हे0का0 अच्छेलाल, थाना लाइनबाजार, जौनपुर। 4.का0 सत्येन्द्र कुमार, थाना लाइनबाजार, जौनपुर।

# कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया क्रिसमस

पत्रकार मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट : कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप ने शनिवार, 25 दिसंबर 2022 को अपना मासिक 'अन्नपूर्णा' खाद्य वितरण अभियान चलाया। इस मासिक अभियान के साथ, सीसीजी ने 500 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने का मील का पत्थर पूरा किया है। अपनी अन्नपूर्णा पहल के एक हिस्से के रूप में, रॉबिनहुड आर्मी के स्वयंसेवकों के साथ सीसीजी की टीम ने शुभ त्योहार मनाने के लिए जरूरतमंद बच्चों के बीच भोजन और लेखन सामग्री वितरित की। बच्चों को पहले से पैक पोषाहार, मिठाई, पानी की बोतल के साथ–साथ कुछ स्टेशनरी आइटम भी दिए गए। ड्राइव ने टीम के सदस्यों को बच्चों के साथ जुड़ने, उनकी समस्याओं को समझने और उन्हें दूर करने का प्रयास करने का मौका दिया। समूह का लक्ष्य भविष्य में कल्याण, शिक्षा और कपड़े वितरण अभियान आयोजित करना है। कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप (सीसीजी) का मानना है कि समाज को सभी के लिए समान अवसरों के साथ समावेशी होना चाहिए। यह उन पहलों पर ध्यान केंद्रित करता है जो जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करते हैं और समाज के गरीब तबके के उत्थान में मदद करते हैं। यह उनकी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का एक हिस्सा है। इन पहलों के पीछे का मकसद बचपन की भूख को समाप्त करना है, जो किसी न किसी तरह से कई अन्य सामाजिक बुराइयों को जन्म देती है। समूह समाज






के सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को भोजन, कपड़े, किताबें, दवाएं और अन्य आवश्यक आवश्यकताएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्डिनल कार्नेशन ग्रुप के अभय श्रीवास्तव ने ड्राइव के बारे में कहा, मैं सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देना चाहता हूं और मुझे खुशी है कि हमने इस त्योहार को इतने सुंदर और विशेष बच्चों के साथ मनाया। त्योहारों के इस मौसम में हमारा उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों के बीच त्योहारी वस्तुओं के साथ–साथ पौष्टिक भोजन बांटकर उनके जीवन को रोशन करना है। हम मानवता की सेवा के लिए इस तरह की पहल को बड़े पैमाने पर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

# थाना मुगराबादशाहपुर पुलिस द्वारा अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों व मादक पदार्थ विक्री करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री विवेक कुमार तिवारी थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 राकेश कुमार राय मय टीम द्वारा दिनाकं 26.12.2022 को समय करीब 13.40 बजे मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त शेरबहादुर यादव पुत्र भगेलू राम यादव निवासी सरायकेवट थाना सुजानगंज जौनपुर को 10 लीटर अवैध देशी शराब के साथ तरहटी मोड़ मुगराबादशाहपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 303/22 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । बरामदगी – 10 लीटर अवैध देशी शराब । नाम पता अभियुक्त 1– शेरबहादुर यादव



पुत्र भगेलू राम यादव निवासी सरायकेवट थाना सुजानगंज जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.SO श्री विवेक कुमार तिवारी थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर 2.उ0नि0 राकेश कुमार राय थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 3.का0 विजय यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 4.का0 सुशील यादव थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर ।

# थाना खुटहन पुलिस द्वारा अपहरण के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराध एवं अपराधियो व वांछित/वारन्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक



नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 खुटहन श्री किशोर कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 राम भवन यादव मय हमराही कर्मचारीगण की सहायता से मु0अ0सं0–338/2022 धारा 363/366 भादवि व 17/18 पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त राम अवतार प्रजापति पुत्र मनिराम प्रजापति ग्राम लोनियापट्टी थाना खुटहन जौनपुर को दिनांक 27.12.2022 को समय 10.50 बजे दिन सुईथाखुर्द नहर थाना खुटहन जौनपुर से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित न्यायालय भेजा जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1– राम अवतार प्रजापति पुत्र मनिराम प्रजापति ग्राम लोनियापट्टी थाना खुटहन जौनपुर गिरफ्तारी टीम का विवरण– 1–उ0नि0 राम भवन यादव थाना खुटहन जौनपुर 2–हे0का0 मनोज कुमार थाना खुटहन जौनपुर।

# राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक पूरा करूँगा –राकेश श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष उमेश चन्द श्रीवास्तव ने अपने प्रदेश की टीम की घोषणा किया। जिसमें जौनपुर निवासी भाजपा नेता राकेश कुमार श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। राकेश श्रीवास्तव के प्रदेश महासचिव मनोनीत होने पर उनके मियांपुर जौनपुर आवास पर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, संगत पंगत, कल्याण समिति, चित्रगुप्त सभा,राष्ट्रीय एकता कायस्थ मंच, कायस्थ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के सदस्यों सहित चित्रांश बंधुओं ने पहुचकर जोरदार स्वागत किया व शुभकामनाएं दिया। संरक्षक आनन्द मोहन श्रीवास्तव व संरक्षक एस सी लाल ने कहा कि राकेश जी के प्रदेश महासचिव बनने से उत्तर प्रदेश में संगठन और मजबूत होगा। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव ने कहा कि राकेश जी के प्रदेश महासचिव बनने से जौनपुर का सम्मान बढ़ा है। संगत पंगत के प्रदेश सहसंयोजक राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने कहा कि राकेश जी के नेतृत्व में जौनपुर कायस्थ समाज एक था और एक रहेगा। उपाध्यक्ष शशि श्रीवास्तव गुड्डू ने कहा कि जल्दी ही एक बड़ा स्वागत समारोह किया जायेगा। संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने कहा कि अब जौनपुर में कायस्थ समाज और मजबूत होगा। उपाध्यक्ष दयाशंकर निगम ने कहा कि राकेश जी हमेशा समाज के प्रति समर्पित रहते हैं। अपने स्वागत से अभिभूत प्रदेश महासचिव राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे निष्ठापूर्वक पूरा करूँगा व उत्तर प्रदेश में संगठन को और मजबूत करूँगा। संचालन करते हुए जिला महासचिव कायस्थ महासभा संजय अस्थाना पत्रकार ने कहा कि



जल्दी ही जिले में एक विशाल कायस्थ सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। स्वागत करने वाले में वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन श्रीवास्तव,विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार,अजय वर्मा अज्जू,अमर श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव, आर पी श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव पत्रकार,मनीष श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा गो तस्करी के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष सरपतहां श्री संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 27.12.2022 को उ0नि0 सुनील कुमार मय हमराह हे0का0 विनोद यादव व कां0 आशु कुमार के तलाश वांछित/वारण्टी अपराधी के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सादाब अंसारी पुत्र आफताब निवासी ग्राम ड़कहा थाना सरपतहां जिला जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 142/22 धारा 3/5/8 गो0नि0 अधिनियम थाना सरपतहां जौनपुर को अभियुक्त के घर ग्राम डकहा से समय करीब 10.50 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय जौनपुर के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार



अभियुक्त का विवरण 1. सादाब अंसारी पुत्र आफताब निवासी ग्राम ड़कहा थाना सरपतहां जिला जौनपुर गिरफ्तारी टीम का विवरण 1. उ0नि0 सुनील कुमार थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर 2.हे0का0 विनोद यादव थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर 3.कां0 आशु कुमार थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर।

# कुछमुछ गांव में जल्द ही चलेगा बुलडोजर : ग्रामीणों की शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने किया कड़ा रुख

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर धर्मापुर विकासखंड के कुछमुछ गांव में ग्राम प्रधान समेत कई लोगों ने सरकारी जमीन पर कई सालों से कब्जा जमाया हुआ है उक्त मामले की शिकायत जब ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से की तब जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने उप जिलाधिकारी सदर को आदेशित किया कि गांव में राजेश टीम लेकर जाएं और सरकारी जमीनों पर हुए अवैध कब्जे को तत्काल हटाए और कार्यवाही करे जैसे इस बात की जानकारी कब्जा करने वाले को हुई तो गांव में हड़कंप मच गया हुआ है गांव के रहने वाले श्रवण कुमार विश्वकर्मा इंद्रजीत, राजेश, इकबाल आदि ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि कुछमुछ की गाटा संख्या 935 नवीन परती ऊसर है तथा एकौना की गाटा संख्या 184 की सरकारी भूमि उसर पर बतौर ग्राम प्रधान द्वारा अवैध ढंग से कब्जा किया गया है कई बार ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की थी ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग मस्जिद शौचालय बनवाने के नाम पर सरकारी भूमि को कब्जा रहे हैं करीब चार बीघे जमीन की कीमत कई लाखो है। इस बारे में तहसीलदार सदर पवन सिंह यादव का कहना है जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकारी महोदय को आदेशित किया गया है जल्द ही कार्यवाही होगी।

# व्यापार मंडल ने मोमबत्ती जलाकर कर मनाया स्वर्ण जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश में व्यापारिक हित में गठित विभिन्न संगठनों का समय पचास वर्ष पूरा हो गया है।इसी के उपलक्ष में नगर में स्थित शक्ति पीठ मां काली जी मंदिर परिसर में मुंगराबादशाहपुर व तहसील व्यापार मंडल ने सोमवार देर शाम को संयुक्त रूप से मोमबत्ती जलाकर स्वर्ण जयंती वर्ष बड़े ही धूमधाम से मनाया।इस दौरान तहसील व्यापार मंडल के अध्यक्ष विश्वामित्र ने कहा कि मजबूत संगठन ही व्यापारियों की पहचान है।इसी के बल पर व्यापारियों के हितों की लड़ाई लड़ी जा सकती है।व्यापारिक एकता के लिए संकल्प लेने के साथ ही बल दिया गया। व्यापारिक एकता जिंदाबाद के नारों से मंदिर परिसर गूंज उठा।मुख्य रूप से तहसील महामंत्री दीपक शुक्ला, नगर व्यापार मण्डल अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्त,विश्वनाथ जायसवाल,शिव कुमार लल्ला,निशू केशरी,उमाकांत केसरी,दीप केसरी,अनिल कुमार ,प्रताप मोदनवाल,संटी जायसवाल,परवेज लब्बू,विश्वामित्र आदि थे।

